# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 25/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** एक वैज्ञानिक, जल से भरी कांच वाली टंकी (glass tank of water), एक टॉर्च और थोड़ी मात्रा में दूध का उपयोग करके यह प्रदर्शित करना चाहता है कि दिन के समय आकाश का रंग नीला और सूर्यास्त के समय रक्ताभ (reddish) क्यों दिखाई देता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सेटअप, वायुमंडल में प्रेक्षित प्रकाश के प्रकीर्णन के समान प्रकाश के प्रकीर्णन को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करेगा?

Ans A). टॉर्च को स्वच्छ जल के माध्यम से प्रकाशमान करना और विपरीत दिशा से संचरित प्रकाश का प्रेक्षण करना

B). जल में अधिक मात्रा में दूध मिलाना और मिश्रण के माध्यम से टॉर्च को ऊपर से प्रकाशमान करना

C). टॉर्च को ऊपर से स्वच्छ जल पर प्रकाशमान करना और प्रदीप्त क्षेत्र का प्रेक्षण करना

D). जल में थोड़ी मात्रा में दूध मिलाना और प्रकीर्णित प्रकाश का प्रेक्षण करने के लिए बगल से टंकी के माध्यम से टॉर्च को प्रकाशमान करना

Correct Answer: D

**Q.2** डाल्टन का परमाणु सिद्धांत विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के बारे में क्या बताता है?

Ans A). उनका द्रव्यमान सर्वसम होता है लेकिन उनकी आकृति अलग-अलग होती है B). ये प्रत्येक अभिमुखता में समान होते हैं

C). उनका आकार अलग-अलग होता है लेकिन द्रव्यमान सर्वसम होता है D). उनका द्रव्यमान और गुणधर्म अलग-अलग होता है

Correct Answer: D

**Q.3** निम्नलिखित में से किस तत्व के अणु में परमाणुओं की संख्या सबसे अधिक है?

Ans A). नाइट्रोजन B). सल्फर C). ऑक्सीजन D). क्लोरीन

Correct Answer: B

**Q.4** किसी लवण विलयन का pH मान 9 है। यह किस प्रकार का लवण हो सकता है?

Ans A). दुर्बल अम्ल और दुर्बल क्षार से बना लवण B). प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल से बना लवण C). प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार से बना लवण

D). प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षार से बना लवण

Correct Answer: B

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण दैनिक जीवन में उच्च तारत्व (high pitch) की ध्वनि को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans A). एक बड़ी दीवार घड़ी की टिक-टिक करना B). एक रेफ्रिजरेटर की भनभनाहट C). एक बड़े ढोल की थाप D). एक बच्चे द्वारा सीटी बजाना

Correct Answer: D

**Q.6** एक पारिस्थितिकीविज्ञ, पवन पैटर्न का विश्लेषण करता है और यह निष्कर्ष निकालता है कि उनकी उत्पत्ति भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर होती है। इस अवलोकन का अंतर्निहित सिद्धांत क्या है?

Ans A). महासागरीय लवणता में अंतर वायु संहतियों को उत्तर और दक्षिण की ओर धकेलते हैं B). ज्वारीय बल, वायुमंडलीय धाराओं को विश्व स्तर पर स्थानांतरित करते हैं

C). पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र, पवनों को भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर निर्देशित करता है D). असमान सौर तापन के कारण होने वाली ताप प्रवणता पवनों को चालित करती है

Correct Answer: D

**Q.7** हीरा, विद्युत का चालन क्यों नहीं करता है जबकि ग्रेफाइट विद्युत का चालन करता है?

Ans A). हीरे के सभी इलेक्ट्रॉन आबंधन में शामिल होते हैं B). हीरे में ऐसी परतें होती हैं जो सर्पण और चालन करती हैं

C). अक्रिस्टलीय कार्बन में विस्थानीकृत इलेक्ट्रॉन होते हैं D). फुलेरीन के पिंजरों (cage) में गतिशील इलेक्ट्रॉन होते हैं

Correct Answer: A

**Q.8** **निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवहार अजैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट की मात्रा को कम कर सकता है?**

Ans A). सभी अपशिष्ट को जल निकायों में फेंके। B). अजैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट को मिट्टी के साथ मिलाएं। C). पुनः उपयोग योग्य और पुनर्चक्रणीय उत्पादों का उपयोग करें। D). उपयोग-पश्चात् फेंकने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों और कपों का प्रयोग करें।

Correct Answer: C

**Q.9** **एक आयताकार कुंडली को एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया है। यदि धारा की दिशा उत्क्रमित कर दी जाए, तो कुंडली के प्रत्येक खंड पर लगने वाले बल पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

Ans A). बल का परिमाण दोगुना हो जाता है B). बल का परिमाण शून्य हो जाता है C). बल, कुंडली के तल के लंबवत कार्य करता है D). प्रत्येक खंड पर लगने वाले बल की दिशा उत्क्रमित हो जाती है

Correct Answer: D

**Q.10** **तंत्रिका ऊतक के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**

**(i) तंत्रिका ऊतक न्यूरॉन से बने होते हैं।**
**(ii) न्यूरॉन में एक तंत्रिकाक्ष और कई द्रुमिका होती हैं।**
**(iii) तंत्रिका आवेग वे संकेत होते हैं जो तंत्रिका तंतुओं से होकर गुजरते हैं।**

Ans A). केवल (ii) और (iii) B). (i), (ii) और (iii) C). केवल (i) और (iii) D). केवल (i) और (ii)

Correct Answer: B

**Q.11** **एक भौतिक भूगोलवेत्ता दो तटीय शहरों की तुलना करता है जिसमें से एक भूमध्य रेखा पर है और दूसरा ध्रुवों के निकट है। दोनों शहर दिन के दौरान समान अवधि तक सूर्य का प्रकाश प्राप्त करते हैं। भूमध्य रेखा पर स्थित शहर के अधिक गर्म रहने का कारण क्या है?**

Ans A). ध्रुवीय शहर जल निकटता के कारण कम सूर्य का प्रकाश अवशोषित करता है B). भूमध्यरेखा पर पृष्ठीय परावर्तन अधिक होता है, जिससे यह गर्म रहता है C). भूमध्य रेखा पर सूर्य का प्रकाश अधिक प्रत्यक्ष होता है, जो ऊर्जा को केंद्रित करता है D). दोनों शहरों का तापमान सूर्य के प्रकाश की समान अवधि के कारण समान होता है

Correct Answer: C

**Q.12** **मेथेनोइक अम्ल युक्त मधुमक्खी के डंक के कारण दाह संवेदन (burning sensation) को निष्प्रभावित करने में कौन-सा पदार्थ सर्वाधिक सहायक होगा?**

Ans A). नींबू का रस B). तनु बेकिंग सोडा विलयन C). तनु सिरका विलयन D). इमली का विलयन

Correct Answer: B

**Q.13** **लंबे समय तक धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को चिरकालिक खांसी और बार-बार श्वसन संक्रमण हो जाता है। श्वसन पथ में होने वाला कौन-सा शरीरक्रियात्मक परिवर्तन, मुख्यत: इस वर्धित सुग्राहिता में योगदान देता है?**

Ans A). श्वसनियों का संकुचित होना B). श्लेष्मा के उत्पादन में वृद्धि C). उपरि श्वसन पथ में पक्ष्माभ (cilia) का क्षतिग्रस्त होना D). श्वसनी भित्तियों का स्थूल होना

Correct Answer: C

**Q.14** **विद्युत परिपथ में सेल की रासायनिक ऊर्जा की क्या भूमिका होती है?**

Ans A). यह इलेक्ट्रॉनों को सीधे तार के अनुदिश गतिमान करती है B). यह परिपथ के प्रतिरोध को बदलती है C). यह धारा के प्रवाह को मापती है D). यह विभवांतर का निर्माण करती है और उसे बनाए रखती है

Correct Answer: D

**Q.15** **अधातुओं से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**कथन I: वह ठोस पदार्थ, जो द्युतिहीन, भंगुर होता है और ठोस अवस्था में विद्युत का चालन नहीं करता है, संभवतः एक अधातु होता है।**
**कथन II: सभी अधातुएं द्युतिहीन, भंगुर ठोस होती हैं और ठोस अवस्था में विद्युत का चालन नहीं करती हैं।**

Ans A). कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है B). दोनों कथन सही हैं C). दोनों कथन गलत हैं D). कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है

Correct Answer: A

**Q.16** **मृत समुद्री जीवों से पेट्रोलियम के निर्माण के लिए कौन-सी स्थिति सबसे अधिक आवश्यक है?**

Ans A). निम्न तापमान और खुली वायु की उपस्थिति B). लंबे समय तक उच्च दाब और वायु की अनुपस्थिति C). भूपृष्ठ जल और पवन के साथ सीधा संपर्क D). सूर्य के प्रकाश और ताजे ऑक्सीजन में उद्भासन

Correct Answer: B

**Q.17** **पादपों में जल का परिवहन __________ के माध्यम से होता है।**

Ans A). फ्लोएम B). जाइलम C). रसधानी D). कैम्बियम

Correct Answer: B

**Q.18** एक घोड़ा 500 N के बल के साथ एक गाड़ी खींचता है। गाड़ी के कारण घोड़े पर लगने वाला बल कितना होगा?

Ans A). 1000 N B). 0 N C). 250 N D). 500 N गति के बराबर और विपरीत

**Correct Answer: D**

**Q.19** यदि किसी ध्वनि तरंग की आवृत्ति में वृद्धि होती है जबकि वायु में उसकी चाल नियत रहती है, तो उसकी तरंगदैर्ध्य पर क्या प्रभाव होगा?

Ans A). इसकी तरंगदैर्ध्य में कमी होगी B). इसकी तरंगदैर्ध्य में वृद्धि होगी C). इसकी तरंगदैर्ध्य अपरिवर्तित रहेगी D). इसकी तरंगदैर्ध्य में यादृच्छिक रूप से उच्चावचन होगा

**Correct Answer: A**

**Q.20** 20 N का एक बल, 5 m के विस्थापन के विपरीत कार्य करता है। बल द्वारा किया गया कार्य कितना होगा?

Ans A). +100 J B). –100 J C). 0 J D). +25 J

**Correct Answer: B**

**Q.21** एक गोली और एक गेंद की गतिज ऊर्जा समान है, लेकिन गोली का द्रव्यमान गेंद की तुलना में बहुत कम है। उनकी चाल के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

Ans A). गेंद, गोली की तुलना में बहुत तीव्र गति से चलती है। B). गोली, गेंद की तुलना में बहुत तीव्र गति से चलती है। C). दोनों समान चाल पर गति करते हैं। D). गोली और गेंद दोनों विराम अवस्था में रहते हैं।

**Correct Answer: B**

**Q.22** गोली चलाने पर बंदूक पीछे की ओर धक्का क्यों मारती है?

Ans A). वायु प्रतिरोध बंदूक को पीछे की ओर धकेलता है B). गोली आगे की ओर बढ़ती है और बंदूक एक समान और विपरीत पश्च बल का अनुभव करती है C). ट्रिगर बंदूक को पीछे की ओर ले जाने का कारण बनता है D). बंदूक भारी होती है और स्वाभाविक रूप से पीछे की ओर जाती है

**Correct Answer: B**

**Q.23** पादपों में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया, ऊर्जा और कार्बन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्तरदायी है?

Ans A). श्वसन B). वाष्पोत्सर्जन C). प्रकाश-संश्लेषण D). स्थानांतरण

**Correct Answer: C**

**Q.24** पादप और जंतु कोशिकाओं के वृद्धि के पैटर्न के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans A). जंतु कोशिकाओं की तुलना में पादप कोशिका वृद्धि अधिक एकसमान होती है B). दोनों समान वृद्धि पैटर्न का पालन करते हैं C). पादपों में एक विशिष्ट वृद्धि क्षेत्र होता है जिसमें विभाजित ऊतक होते हैं D). जंतु कोशिका वृद्धि मेरिस्टेमी ऊतकों के कारण होती है

**Correct Answer: C**

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा, वास्तविक विलयन का एक अभिलक्षण है?

Ans A). विलेय कणों को नग्न आंखों से देखा जा सकता है B). विलेय कण तेजी से नीचे बैठ जाते हैं C). विलेय कणों को निस्यंदन द्वारा आसानी से पृथक किया जा सकता है D). विलेय कण, विलयन में समान रूप से वितरित होते हैं

**Correct Answer: D**

**Q.26** तीन संख्याओं का अनुपात 3 : 14 : 13 है, और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 5460 है। उन संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 59 B). 10 C). 5 D). 36

**Correct Answer: B**

**Q.27** दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, 25% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान नहीं किया तथा डाले गए 795 मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। विजयी उम्मीदवार ने 70% वैध मत प्राप्त किए और दूसरे उम्मीदवार को 3,600 मतों के अंतर से हराया। मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 13,456 B). 12,680 C). 13,060 D). 12,090

**Correct Answer: C**

**Q.28** एक शंकु की ऊंचाई और तिर्यक ऊंचाई क्रमशः 10 cm और 32 cm है। शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए। ( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans A). 9679 $cm^3$ B). 9684 $cm^3$ C). 9680 $cm^3$ D). 9689 $cm^3$

**Correct Answer: C**

**Q.29** यदि माता की वर्तमान आयु का दो गुना, उसकी पुत्री की वर्तमान आयु के छह गुना से 30 वर्ष कम है, और पुत्री की वर्तमान आयु का पांच गुना, माता की वर्तमान आयु से 55 वर्ष अधिक है, तो माता और पुत्री की वर्तमान आयु में अंतर (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 25 B). 30 C). 27 D). 20

**Correct Answer: A**

Q.30 2024 की पहली छमाही में सुलेखा ने प्रत्येक महीने (जनवरी से जून), औसतन 2.2 kg चीनी का सेवन किया। 2024 के दौरान उसने प्रत्येक महीने औसतन 2.5 kg चीनी का सेवन किया। 2024 के जुलाई और दिसंबर के बीच उसने औसतन _________ चीनी का सेवन किया।

Ans A). 2.2 kg B). 2.5 kg C). 2.8 kg D). 2.7 kg

Correct Answer: C

Q.31 $\sqrt{\dfrac{\cot\theta + \cos\theta}{\cot\theta - \cos\theta}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). sec θ + tan θ B). tan θ − sec θ C). sec θ − tan θ D). sec θ tan θ

Correct Answer: A

Q.32 यदि 4, 8, x और 12 समानुपात में हैं, तो (x + 3) और (x + 30) के बीच का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans A). 14 B). 18 C). 16 D). 15

Correct Answer: B

Q.33 दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8.5% वार्षिक दर पर ऋण प्रदान किए। आशीष ने प्रत्येक बैंक से ₹4,60,000 की धनराशि का ऋण लिया। 2 वर्ष के पश्चात आशीष द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 46,000 B). 47,500 C). 45,500 D). 47,000

Correct Answer: A

Q.34 यदि $y = 25$ है, तो $y^{\frac{3}{2}} + (40\%\ \text{of}\ y) - 27^{\frac{2}{3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 126 B). 121 C). 123 D). 124

Correct Answer: A

Q.35 केशव का मासिक वेतन ₹15,000 है। वह प्रत्येक माह घर के किराए पर ₹5,500 और यूटिलिटी बिलों पर ₹2,500 का व्यय करता है तथा शेष राशि की बचत करता है। यदि, अपने जन्मदिवस वाले महीने के दौरान, वह अपनी संपूर्ण मासिक बचत अपने जन्मदिवस के उत्सव पर व्यय कर देता है, तो वर्ष के लिए उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 63,000 B). 77,000 C). 70,000 D). 84,000

Correct Answer: B

Q.36 यदि ₹21,400 की राशि 5% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए जमा की जाती है, तो चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹46.60 B). ₹56.50 C). ₹56.40 D). ₹53.50

Correct Answer: D

Q.37 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{1}{\sec\theta - \tan\theta}$$

Ans A). $(2\sec\theta + 3\tan\theta)$ B). $(\sec\theta + \tan\theta)$ C). $(\sec\theta - \tan\theta)$ D). $(\sec\theta - 2\tan\theta)$

Correct Answer: B

Q.38 मार्गरिट के वेतन में 12% की वृद्धि होती है। यदि उसका नया वेतन ₹22,400 हो जाता है, तो मार्गरिट का मूल वेतन ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹21,500 B). ₹19,500 C). ₹20,000 D). ₹19,800

Correct Answer: C

Q.39 अनुषा अपने घर और कॉलेज के बीच की एक निश्चित दूरी कार से तय करती है। 35 km/hr की चाल से कार चलाने पर वह 20 मिनट की देरी से कॉलेज पहुँचती है। हालाँकि, 45 km/hr की चाल से कार चलाने पर वह अपने कॉलेज 10 मिनट जल्दी पहुँच जाती है। उसके घर और कॉलेज के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans A). 72.25 km B). 76.65 km C). 74.5 km D). 78.75 km

Correct Answer: D

Q.40 एक दुकानदार किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 37.5% की छूट देकर बेचने पर 25% का लाभ प्राप्त करता है। यदि क्रय मूल्य में 20% की वृद्धि होती है और दुकानदार उसी लाभ प्रतिशत को बनाए रखना चाहता है, तो उसे कितनी छूट प्रदान करनी चाहिए?

Ans A). 25% B). 22% C). 24% D). 23%

Correct Answer: A

Q.41 एक बस 60 km/h की चाल से दिल्ली से जयपुर के लिए प्रस्थान करती है। दो घंटे पश्चात, एक कार उसी मार्ग पर 90 km/h की चाल से दिल्ली से जयपुर की ओर चलना प्रारंभ करती है। कार द्वारा बस को ओवरटेक करने में कितना समय लगेगा और दिल्ली से कितनी दूरी पर कार, बस से मिलेगी?

Ans A). 4 घंटे, और 306 km B). 4 घंटे, और 330 km C). 4 घंटे, और 360 km D). 3 घंटे, और 360 km


Correct Answer: C

**Q.42** एक विक्रेता ₹33,033 में 39 लैपटॉप बैग खरीदता है और उन्हें ₹27,552 में 32 बैग की दर से बेचता है। कुल ₹7,154 का लाभ अर्जित करने के लिए, इस दर पर कितने लैपटॉप बैग खरीदे और बेचे जाने चाहिए?

**Ans** A). 529 B). 501 C). 511 D). 491

**Correct Answer: C**

**Q.43** निम्न पाई चार्ट में एक प्रकाशन गृह द्वारा अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकों को दर्शाया गया है। 2020 में, प्रकाशन गृह ने इन भाषाओं में कुल 72 पुस्तकें प्रकाशित कीं। अंग्रेजी, पंजाबी और उर्दू में प्रकाशित पुस्तकों की कुल मिलाकर संख्या, हिंदी में प्रकाशित पुस्तकों का कितना प्रतिशत है?




**Ans** A). 125% B). 80% C). 95% D). 100%

**Correct Answer: B**

**Q.44** ₹142 प्रति kg मूल्य वाले चावल को ₹154 प्रति kg मूल्य वाले गेहूँ के साथ किस अनुपात में मिलाया जाए ताकि ₹146 प्रति kg मूल्य वाला मिश्रण प्राप्त हो?

**Ans** A). 2:1 B). 4:3 C). 4:1 D). 3:1

**Correct Answer: A**

**Q.45** दो पाइप A और B, एक टैंक को क्रमशः 8 घंटे और 14 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा पाइप C, पूर्णतः भरे हुए टैंक को 12 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइपों को एक समय पर खाली टैंक में खोल दिया जाए, तो टैंक को भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans** A). $.8\frac{11}{19}$ B). $9\frac{1}{19}$ C). $8\frac{9}{19}$ D). $8\frac{16}{19}$

**Correct Answer: D**

**Q.46** $(5^3)^2 \div 5^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 225 B). 125 C). 525 D). 625

**Correct Answer: D**

**Q.47** यदि किसी ठोस गोले के आयतन में 119.7% की वृद्धि होती है, तो उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 76% B). 69% C). 81% D). 56%

**Correct Answer: B**

**Q.48** तीन अलग-अलग राशियों पर अर्जित साधारण ब्याज का अनुपात 5 : 7 : 9 है। राशियों का अनुपात 10 : 14 : 15 है, और समय अवधि का अनुपात 3 : 4 : 5 है। ब्याज दरों का अनुपात कितना है?

**Ans** A). 100 : 75 : 64 B). 100 : 78 : 72 C). 100 : 75 : 72 D). 100 : 78 : 64

**Correct Answer: C**

**Q.49** किन्हीं आंकड़ो का माध्य 74 है और माध्यिका 88 है। आंकड़ो का बहुलक (आनुभविक संबंध का उपयोग करते हुए) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 116 B). 91 C). 34 D). 150

**Correct Answer: A**

**Q.50** एक समद्विबाहु त्रिभुज $\Delta ABC$ में, $AB = AC$ है। प्रत्येक बराबर कोण, तीसरे कोण के $\frac{3}{4}$ से 5° अधिक है। $(3\angle A - \angle B)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $120^\circ$ B). $90^\circ$ C). $148^\circ$ D). $75^\circ$

**Correct Answer: C**

**Q.51** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

7 10 18 33 57 ?

Ans A). 95 B). 93 C). 90 D). 92

**Correct Answer: D**

**Q.52** आठ मित्र वर्षा, अनिल, नीतू, पवन, राजेश, महिमा, सुनील और ओम एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। नीतू, ओम के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। वर्षा, नीतू के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठी है। राजेश, वर्षा के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। राजेश और अनिल का निकटतम पड़ोसी सुनील है। पवन, वर्षा का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पवन के बाईं ओर से गिनने पर पवन और वर्षा के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). एक B). दो C). तीन D). चार

**Correct Answer: D**

**Q.53** यदि '÷' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

36 ÷ 6 − 3 × 5 + 7 = ?

Ans A). 46 B). 69 C). 58 D). 84

**Correct Answer: B**

**Q.54** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). YD–GL B). JO–RW C). BG–IQ D). NS–VA

**Correct Answer: C**

**Q.55** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
LHCB, JGFF, ?, FELN, DDOR

Ans A). HEIJ B). HIFJ C). HFIJ D). HFJI

**Correct Answer: C**

**Q.56** निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (नोट: सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं)
(बाएं) 7 2 9 9 9 9 9 6 1 7 9 8 6 6 3 3 5 8 2 8 5 1 9 7 9 2 4 7 2 3 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी पूर्ण वर्ग है)

Ans A). तीन B). दो C). चार D). एक

**Correct Answer: D**

**Q.57** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएँ) SET LAP MUD DIG (दाएँ)

दाईं ओर से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर और बाईं ओर से दूसरे शब्द के तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 4 B). 3 C). 5 D). 6

**Correct Answer: A**

**Q.58** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 38 का संबंध 17 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 52 का संबंध 24 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 26 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 7 B). 11 C). 8 D). 15

**Correct Answer: B**

**Q.59** राज अपनी कक्षा में शीर्ष से 25वें स्थान पर है और नीचे से 16वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 41 B). 39 C). 40 D). 42

**Correct Answer: C**

**Q.60** शब्द FRIEND के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से दूसरा अक्षर कौन-सा होगा?

**Ans** A). H B). D C). E D). C

**Correct Answer: B**

**Q.61** शब्द "DISPLAY" में अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार, यदि प्रत्येक स्वर को अगले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को पिछले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने नए अनुक्रम में वर्णमाला क्रम के अनुसार कौन-सा अक्षर पहला होगा?

**Ans** A). K B). B C). J D). X

**Correct Answer: B**

**Q.62** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
5 वृक्षों L, M, O, P और Q में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, इनमें से सबसे छोटा वृक्ष कौन-सा है?
(I) P केवल दो वृक्षों से लंबा है। O, P से छोटा है और Q, O से छोटा है।
(II) L, M से लंबा है

**Ans** A). केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

B). केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और II दोनों (और केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

D). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

**Correct Answer: A**

**Q.63** यदि संख्या 537648547697 के प्रत्येक विषम अंक से 1 घटाया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से दूसरे अंक और दाईं ओर से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

**Ans** A). 9 B). 10 C). 8 D). 11

**Correct Answer: B**

**Q.64** एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A < B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'E + F < K # L @ P' है, तो E का P से क्या संबंध है?

**Ans** A). पत्नी की माता का भाई B). पत्नी की माता के पिता C). पत्नी की माता की माता D). पत्नी का भाई

**Correct Answer: B**

**Q.65** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, REAG का संबंध FSOU से है। उसी प्रकार, VIEK का संबंध JWSY से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LYUA का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

**Ans** A). ZMKI B). ZIMO C). ZOMI D). ZMIO

**Correct Answer: D**

**Q.66** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, RVUX का संबंध BFEH से है। उसी प्रकार, WAZC का संबंध GKJM से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FJIL का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans** A). PURX B). PSRV C). PTRV D). PTSV

**Correct Answer: D**

**Q.67** निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है। (नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 2 5 8 3 1 4 7 6 9 2 4 5 8 3 7 1 2 6 5 4 3 8 7 9 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

**Ans** A). तीन से अधिक B). एक C). दो D). तीन

**Correct Answer: A**

**Q.68** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

**Ans** A). LOR B). HKN C). DGJ D). MPU

**Correct Answer: D**

**Q.69** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
19 - 53 - 97 - 121;
27 - 61 - 105 - 129

**Ans** A). 58 - 92 - 116 - 130 B). 49 - 83 - 117 - 151 C). 35 - 69 - 113 - 137 D). 67 - 121 - 155 - 179

**Correct Answer: C**

**Q.70** P, Q, R, S, T, U, और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
Q की परीक्षा शनिवार को है। V और P के बीच केवल 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा सोमवार को नहीं है। U की परीक्षा, T के ठीक बाद है और R की परीक्षा, T के ठीक पहले है। P की परीक्षा U के बाद है।
सोमवार को किसकी परीक्षा है?

**Ans** A). U B). P C). S D). T

**Correct Answer: C**

**Q.71** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FAST' को '1457' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FEAT' को '5874' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 4 B). 8 C). 1 D). 5

**Correct Answer: B**

**Q.72** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S + A % E @ R – N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

**Ans** A). भाई B). भाई की पत्नी का भाई C). भाई की पत्नी का पिता D). पिता

**Correct Answer: B**

**Q.73** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) G Y I E N S I E G Z B I X V Y A U S Y U U T (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

**Ans** A). 3 B). 5 C). 6 D). 4

**Correct Answer: B**

**Q.74** एक निश्चित कूट भाषा में, 'AUTO' को '5271' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TOAN' को '4517' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 7 B). 2 C). 5 D). 4

**Correct Answer: D**

**Q.75** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चय द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
HLL : JHK
MKI : OGH

**Ans** A). JLT : LHR B). GRQ : INO C). CXL : ESK D). GPR : ILQ

**Correct Answer: D**

**Q.76** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। ज्ञात कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी रग, इत्र हैं। सभी जूते, इत्र हैं।

निष्कर्ष (I) : कुछ रग, जूते हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ इत्र, जूते हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है C). निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: B**

**Q.77** P, Q, R, S, T, U, और V, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
Q की परीक्षा बुधवार को है। Q और U के बीच ठीक 3 व्यक्तियों की परीक्षा है। V की परीक्षा, R के ठीक बाद है और P की परीक्षा, R से ठीक पहले है। T और R के बीच केवल 3 व्यक्तियों की परीक्षा है।
Q और V के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans A). 1 B). 2 C). 3 D). 4

Correct Answer: B

**Q.78** यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

91 - 2 ÷ 180 × 18 + 12 = ?

Ans A). 189 B). 176 C). 180 D). 184

Correct Answer: C

**Q.79** A, B, C, D, E, F, और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
B के दाईं ओर से गिनने पर B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर D और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C के ठीक दाएं पड़ोस में A बैठा है। F के ठीक दाएं पड़ोस में E बैठा है।
A के दाईं ओर से गिनने पर A और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 2 B). 4 C). 3 D). 1

Correct Answer: A

**Q.80** यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 642, 953, 731, 284, 476 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में से घटाया जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा?

Ans A). -3 B). -5 C). 7 D). 2

Correct Answer: B

**Q.81** फरवरी 2026 में, चीतों का तीसरा दल किस देश से भारत लाया गया, और उन्हें कहाँ छोड़ा गया?

Ans A). नामीबिया; गांधी सागर अभयारण्य B). केन्या; रानी दुर्गावती अभयारण्य C). बोत्सवाना; कूनो राष्ट्रीय उद्यान D). दक्षिण अफ्रीका; नौरादेही टाइगर रिजर्व

Correct Answer: C

**Q.82** किस मलयालम उपन्यासकार ने अपने उपन्यास "मायामानुश्यार (Maayamanushyar)" के लिए केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 जीता?

Ans A). एन. प्रभाकरन B). के. आर. मीरा C). बेन्यामिन D). एम. टी. वासुदेवन नायर

Correct Answer: A

**Q.83** बैंकॉक चेस क्लब ओपन 2026 (Bangkok Chess Club Open 2026) में तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने के बाद भारत के 95वें शतरंज ग्रैंडमास्टर कौन बने?

Ans A). रौनक साधवानी B). निहाल सरीन C). अरोण्यक घोष D). आदित्य मित्तल

Correct Answer: C

**Q.84** "रक्षा त्रिवेणी संगम – जहां प्रौद्योगिकी, उद्योग और सैनिक क्षमता का संगम होता है" की थीम पर आधारित उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी 2026 (North Tech Symposium 2026) का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में हुआ था?

Ans A). प्रयागराज B). पुणे C). लखनऊ D). जयपुर

Correct Answer: A

**Q.85** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा किस देश को विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का मेजबान घोषित किया गया था?

Ans A). तुर्की B). जॉर्जिया C). कजाखस्तान D). अजरबैजान

Correct Answer: D

**Q.86** फरवरी 2026 में जारी Apac एविएशन रैंकिंग के अनुसार, 2025 में एशिया पैसिफिक (Apac) क्षेत्र में 5वां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट, कौन-सा भारतीय एयरपोर्ट है?

Ans A). कोलकाता एयरपोर्ट B). दिल्ली एयरपोर्ट C). चेन्नई एयरपोर्ट D). मुंबई एयरपोर्ट

Correct Answer: B

**Q.87** **अप्रैल 2026 में, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने PM VIKAS (प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन) योजना के तहत अल्पसंख्यक युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने और प्लेसमेंट के अवसर को सुगम बनाने के लिए किस संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?**

Ans A). भारती प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), गुवाहाटी B). भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), दिल्ली C). भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), कानपुर D). भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), पटना

Correct Answer: D

**Q.88** **2026 के प्रारंभ में, भारतीय सेना और जापान के किस संगठन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन (Dharma Guardian)' आयोजित हुआ था?**

Ans A). जापान मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स (Japan Maritime Self-Defense Force)
B). जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स (Japan Ground Self-Defense Force) C). जापान स्ट्रेटेजिक डिफेंस फोर्स (Japan Strategic Defense Force)
D). जापान एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स (Japan Air Self-Defense Force)

Correct Answer: B

**Q.89** **केरल विधानसभा चुनाव 2026 में, कौन-सा राजनीतिक दल प्रमुख दल के रूप में उभरा?**

Ans A). इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग B). भारतीय जनता पार्टी C). भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) D). इंडियन नेशनल कांग्रेस

Correct Answer: D

**Q.90** **मई 2026 में, DRDO ने ULPGM-V3 मिसाइल का अंतिम विकास परीक्षण किन दो प्रचालन विधाओं में सफलतापूर्वक पूरा किया?**

Ans A). वायु-से-भूमि और वायु-से-वायु B). वायु-से-समुद्र और समुद्र-से-सतह C). सतह-से-सतह और सतह-से-वायु D). भूमि-से-भूमि और समुद्र-से-वायु

Correct Answer: A

**Q.91** **बैंकॉक में आयोजित थाईलैंड मास्टर्स 2026 टूर्नामेंट में किस बैडमिंटन खिलाड़ी ने महिला एकल का खिताब जीता?**

Ans A). देविका सिहाग (Devika Sihag) B). सुपानिडा कटेथोंग (Supanida Katethong) C). हुआंग यू-ह्सुन (Huang Yu-hsun) D). गोह जिन वेई (Goh Jin Wei)

Correct Answer: A

**Q.92** **जून 2026 में, कौन-सी भारतीय क्रिकेटर, 200 T20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भाग लेने वाली विश्व की पहली खिलाड़ी बन गई?**

Ans A). मेग लैनिंग B). एलिस पेरी C). स्मृति मंधाना D). हरमनप्रीत कौर

Correct Answer: D

**Q.93** **मई 2026 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा दूसरी सबसे लंबी निरंतर दीवार के रूप में मान्यता प्राप्त कुंभलगढ़ किला किस राज्य में स्थित है?**

Ans A). हिमाचल प्रदेश B). उत्तर प्रदेश C). राजस्थान D). महाराष्ट्र

Correct Answer: C

**Q.94** **फेडरेशन कप, 2026 की मेजबानी प्रतिष्ठित बिरसा मुंडा स्टेडियम में की गई थी, जो निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?**

Ans A). रांची B). रायपुर C). पटना D). भुवनेश्वर

Correct Answer: A

**Q.95** **उच्च-संभावित उद्यमों की सहायता करने के लिए केंद्रीय बजट 2026–27 में पेश किए गए नए प्रस्तावित SME ग्रोथ फंड के लिए आवंटित कुल राशि (total corpus) कितनी है?**

Ans A). ₹2,000 करोड़ B). ₹15,000 करोड़ C). ₹5,000 करोड़ D). ₹10,000 करोड़

Correct Answer: D

**Q.96** **दिसंबर 2025 में, पंचायती राज मंत्रालय और NDMA ने ₹500 करोड़ से अधिक की एक राष्ट्रीय परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

Ans A). पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण को स्थानीय शासन में एकीकृत करना
B). तटीय क्षेत्रों में 10,000 नए चक्रवात आश्रयस्थलों का निर्माण करना C). मौसम पूर्वानुमान के लिए एक राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली स्थापित करना
D). सभी किसानों को आपदा बीमा प्रदान करना

Correct Answer: A

**Q.97** **2026 में प्रकाशित करण महाजन का कौन-सा उपन्यास, पारिवारिक गाथा के माध्यम से भारत के राजनीतिक परिवर्तनों का अन्वेषण करता है?**

Ans A). ग्रेट ईस्टर्न होटल (Great Eastern Hotel) B). फैमिली प्लानिंग (Family Planning)
C). द एसोसिएशन ऑफ स्मॉल बॉम्ब्स (The Association of Small Bombs) D). द कॉम्प्लेक्स (The Complex)

Correct Answer: D

**Q.98** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 के तहत, भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारियों द्वारा प्रतिनियुक्ति पर किन वरिष्ठ CAPF रैंकों में सभी पदों को भरना आवश्यक है?

Ans A). महानिदेशक और विशेष महानिदेशक B). कमांडेंट और उप कमांडेंट C). महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक D). अतिरिक्त महानिदेशक और महानिरीक्षक

Correct Answer: A

**Q.99** 'द गोल्डन रोड: हाउ एंशिएंट इंडिया ट्रांसफॉर्म्ड द वर्ल्ड (The Golden Road: How Ancient India Transformed the World)' पुस्तक के लिए 2026 का मार्क लिंटन हिस्ट्री प्राइज़ किसने जीता?

Ans A). सुनील खिलनानी B). विलियम डेलरिम्पल C). रोमिला थापर D). रामचंद्र गुहा

Correct Answer: B

**Q.100** सामाजिक कार्यों में अपने योगदान के लिए 2026 में पद्म श्री से सम्मानित बृज लाल भट (Brij Lal Bhat) मुख्य रूप से भारत के किस क्षेत्र से संबंधित हैं?

Ans A). जम्मू और कश्मीर B). पंजाब C). हिमाचल प्रदेश D). गुजरात

Correct Answer: A

"